# आई-5 समिट 17 अगस्त से, स्टार्टअप को मिलेगा प्लेटफॉर्म

इंदौर। नईदुनिया प्रतिनिधि

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में आई-5 समिट 17 और 18 अगस्त को आयोजित किया जा रहा है। इस बार आई-5 पांच कंसेप्ट पर होगा। इसमें आइडिएट, इंस्पायर, इनोवेट, इंड्यूस और इंवेस्टमेंट पांच विषय शामिल रहेंगे। समिट का मकसद बिजनेस के विचारों को सभी के बीच शेयर करना, स्टार्टअप को बढ़ावा देना और इनके लिए इंवेस्टमेंट की संभावनाएं बढ़ाना है। इसमें आईआईएम, आईआईटी के साथ ही स्टार्टअप करने वाले कई युवाओं के साथ बिजनेस के साथ कई दिग्गज शामिल होंगे। इसमें चाय पर चर्चा और गेट फंडेड कार्यक्रम होंगे। गेट फंडेड से स्टार्टअप को सीधे निवेशकों से जुड़ने का फायदा मिलेगा। चाय पर चर्चा नेटवर्किंग कार्यक्रम है। इसके तहत व्यापारियों के विचारों को सीधे इंवेस्टर के पास पहुंचाया जाएगा।

### 30 निवेशक और 60 से ज्यादा स्टार्टअप शामिल होंगे

आयोजन में फेसबुक के सीपीजी और मीडिया एंड इंटरटेनमेंट के बिजनेस प्रमुख प्रशांत शर्मा, ग्रीकैप कंपनी के संस्थापक और सीईओ गिरी बालासुब्रमण्यम, शॉपक्लूज कंपनी के संस्थापक संदीप अग्रवाल, भारत सरकार के पूर्व उच्च शिक्षा और कोयला मंत्रालय के सचिव, स्वतंत्र सलाहकार जसप्रीत बिंद्रा सहित कई विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे। आयोजन में स्टार्टअप एक्सपो में स्टार्टअप अपने प्रोडक्ट शेयर कर सकेंगे। आयोजन में 5 हजार से ज्यादा लोग, 30 निवेशक और 60 से ज्यादा स्टार्टअप और स्पीकर शामिल होंगे।

Nai Dunia (Indore), 15th August 2019, Page-9